हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शनिवार 9 मई 2026

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

कार्रवाई : एम्बुलेंस से हो रही गांजा तस्करी का भंडाफोड़

# पकड़ाया 77 किलो गांजा, 5 बंदी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

एंबुलेंस में की जा रही गांजा तस्करी का भांडाफोड़ करते हुए पुलिस ने 5 तस्करों से 77 किलो गांजा जब्त किया है। तस्करों ने पुलिस को चकमा देने के लिए एम्बुलेंस का सहारा लिया। लेकिन, सटीक सूचना के कारण तस्करों की योजना विफल हो गई।

एसपी के निर्देश में जिले में संदिग्ध वाहनों की सघन चेकिंग के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि ओडिशा की ओर से एक एम्बुलेंस में भारी मात्रा में गांजा भरकर महासमुंद के रास्ते ले जाया जा रहा है। सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए टेमरी जांच नाका पर घेराबंदी की गई। पुलिस ने संदेह के आधार पर एक एम्बुलेंस एमएच 13 सीयू 0707 और उसके आगे चल रही एक पायलेटिंग कार एमएच 12 एनबी 5277 को रोका। जब एम्बुलेंस की गहन तलाशी ली गई, तो उसके भीतर छिपाकर रखा गया 77 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ।



## 50 लाख की संपत्ति जब्त

पुलिस ने इस कार्यवाही में गांजे के साथ-साथ तस्करी में इस्तेमाल वाहनों और मोबाइल फोन को भी जब्त किया है। जब्त की गई संपत्ति में गांजा 77 किलोग्राम कीमत लगभग 38 लाख 50 हजार रुपये, एक एम्बुलेंस और एक कार कुल कीमत 11 लाख रुपये, मोबाइल 5 नग कीमत 95 हजार रुपये, कुल जुमला कीमत 50 लाख 45 हजार रुपये आंकी गई हैं। कोमाखान पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(बी)(II)(सी) और 29 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## ओडिशा से महाराष्ट्र भेजने की थी तैयारी

पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि वे इस गांजे को बालीगुडा (ओडिशा) से खरीदकर सोलापुर (महाराष्ट्र) खपाने के लिए ले जा रहे थे। पुलिस ने बताया कि यह तीसरी बार है जब एम्बुलेंस के जरिए गांजा तस्करी करने की कोशिश को नाकाम किया गया है। पकड़े गए सभी 5 आरोपी महाराष्ट्र के निवासी हैं, जिनमें एम्बुलेंस चालक और पायलेटिंग कार में सवार अन्य सदस्य शामिल हैं जिसमें आकाश उर्फ अक्षय जाधव (धाराशिव, महाराष्ट्र), लिंबाजी जाधव (धाराशिव, महाराष्ट्र), धनंजय लोखंडे (सोलापुर, महाराष्ट्र), प्रथमेश पिंगले (सोलापुर, महाराष्ट्र), अजय काले (धाराशिव, महाराष्ट्र) को गिरफ्तार किया गया हैं।









## खबर संक्षेप

### केजीबीवी सुनसुनिया का परीक्षा परिणाम सौ फीसदी

**महासमुंद।** शासकीय कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय (केजीबीवी) सुनसुनिया के छग बोर्ड परिणाम शत प्रतिशत रहा। जिस पर जिला मिशन समन्वयक रेखराज शर्मा एवं सहायक जिला मिशन समन्वयक विद्या साहू ने हर्ष जताया है। छात्राओं ने इस वर्ष भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन में कक्षा 8वीं व 10वीं की कक्षाओं में 100 प्रतिशत परिणाम अर्जित किया है। विद्यालय में छात्राओं की उपलब्धि पर हर्ष का माहौल है। कक्षा 10वीं में देविका साहू 86 प्रथम स्थान , नमिता महानंद 83.5 द्वितीय स्थान तथा पूजा साहू 83.1 तृतीय स्थान में रहे। वहीं कक्षा 8वीं में तनुजा दीवान 95.22 प्रतिशत प्रथम स्थान योगिता दीवान 94.9 प्रतिशत द्वितीय स्थान तथा गरिमा यादव 94.7 प्रतिशत तृतीय स्थान प्राप्त किया । शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष दुर्गा ठाकुर, उपाध्यक्ष प्रीतम साहू , अधीक्षिका रक्षा साहू एवं शाला परिवार ने हर्ष जताया है।

### श्रेयांश टंडन ने कक्षा 5वीं में बढ़ाया स्कूल का मान

**झलप।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक



मंडल द्वारा कक्षा 5वीं के 2026 का परिणाम घोषित किया। जिसमें ग्राम पचरी के निवासी डुनेश्वर प्रसाद टंडन के पुत्र श्रेयांश टंडन ने कक्षा 5वीं में 83.5 प्रतिशत के साथ अपने स्कूल एक्सीलेंट पब्लिक स्कूल दुर्ग में पांचवा स्थान प्राप्त किया है। जिसे देखते हुए स्कूल प्राचार्य क्षेत्रीय और शिक्षिका संगीता चौहान, यमुना नवरंगे, कविता ठाकुर, काजल शर्मा, मिताली और ग्राम पचरी के ग्रामीणजनों देवकुमार टंडन, पवन ड़ड़सेना, छोटू कुर्रे, अमृत साहू, मोहित मन्नाडे सचिन टंडन, परशुराम, पवन लहरे और अन्य लोगों ने हर्ष जताया है।

### भुवनलाल साहू का निधन

**बिरकोनी।** ग्राम कांपा दुर्गा चौक



निवासी भुवनलाल साहू (87) का देहांत 8 मई शुक्रवार को हो गया। जिसका अंतिम संस्कार प्रातः11 बजे स्थानी मुक्तिधाम में किया गया। अंत्येष्टि यात्रा में ग्रामीण सहित समाजिकजन व राजनीतिक दल के नेताओं ने उपस्थित होकर उन्हें भावभीन श्रध्दाजंलि दी। वे भाजपा नेता मोती साहू, नंदकुमार साहू के पिता और कुशल साहू, विकास साहू, मोरज साहू, डागा साहू, शौर्य साहू के दादा थे।

**जनगणना :** 75 क्षेत्रों में कार्य पूर्ण, जनगणना कार्य तेजी से जारी

# जिले में 2 लाख 12 हजार से अधिक मकानों का सर्वे पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारत सरकार गृह मंत्रालय, जनगणना कार्य निदेशालय छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार भारत की डिजिटल जनगणना 2027 का कार्य जिले में दो चरणों में संपादित किया जा रहा है। प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 01 मई 2026 से 30 मई 2026 तक किया जा रहा है। इसी क्रम में जिले के विभिन्न विकासखंडों एवं नगरीय क्षेत्रों में जनगणना कार्य प्रगति पर है। जिले में कुल 1992 मकान सूचीकरण क्षेत्रों में से 1917 क्षेत्रों में जनगणना कार्य जारी है, जबकि 75 क्षेत्रों में कार्य पूर्ण किया जा चुका है।

जनगणना कार्य के दौरान अब तक कुल 2 लाख 12 हजार 935 मकानों का सर्वे किया गया है। इनमें 1 लाख 74 हजार 71 आवासीय मकान, 3 हजार 839 आंशिक रूप से आवासीय मकान, 7 हजार 550 रिक्त मकान तथा 3 हजार 292 बंद मकानों की जानकारी दर्ज की गई है। इसके साथ ही जिले में अब तक 1 लाख 88 हजार 311 परिवारों का सर्वे पूर्ण कर लिया गया है तथा 7 लाख 250 लोगों की जनसंख्या का आंकड़ा संकलित किया गया है। जनगणना के दौरान कुल 876 मकान मालिकों द्वारा स्वगणना पहचान संख्या साझा किया गया।



तहसीलवार प्रगति के अंतर्गत पिथौरा तहसील में सर्वाधिक 48 हजार 814 मकानों का सर्वे किया गया है। इसके अलावा महासमुंद तहसील में 40 हजार 486, बसना में 31 हजार 799, सरायपाली में 29 हजार 594, बागबाहरा में 18 हजार 806 तथा कोमाखान तहसील में 18 हजार 52 मकानों का सर्वे कार्य पूरा किया गया है। इसी तरह नगरीय क्षेत्रों में नगर पालिका महासमुंद में 10 हजार 418 मकानों का सर्वे किया गया है। वहीं सरायपाली में 4 हजार 10, बागबाहरा में 3 हजार 597, पिथौरा नगर पंचायत में 2 हजार 864, बसना में 2 हजार 460 तथा तुमगांव नगर पंचायत में 2 हजार 35 मकानों का सर्वे कार्य पूर्ण किया गया है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने जनगणना कार्य में लगे प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को निर्धारित समय-सीमा में शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जनगणना से प्राप्त आंकड़े शासन की विभिन्न योजनाओं एवं नीतियों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसलिए कार्य की गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं शुद्धता सुनिश्चित करते हुए जिम्मेदारीपूर्वक कार्य किया जाए।

# सुशासन तिहार में समस्याओं के होंगे जल्द समाधानः योगेश्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रदेशभर में सुशासन तिहार के अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन अलग-अलग ग्राम पंचायतों में किया जा रहा है। इसी तारतम्य में शुक्रवार को महासमुंद ब्लॉक अंतर्गत ग्राम लोहारडीह में सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि यह शिविर जनता की समस्या को दूर करने के लिए लगाया जा रहा है। साथ ही उनकी मांगों को पूरा भी किया जाएगा। इसके लिए अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित भी किया गया है। उन्होंने शिविर में लगे स्टॉल का अवलोकन कर आए हुए आमजन से चर्चा की। उनसे चर्चा के दौरान उन्होंने आश्वस्त किया कि उनके द्वारा दिए गए समस्या संबंधी आवेदन का निराकरण त्वरित किया जाएगा।



उन्हें पूरा भरोसा दिलाया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सुशासन की सरकार हर वर्ग के साथ न्याय कर रही है। इसलिए प्रदेश के प्रत्येक व्यक्ति के समस्या का समाधान किया जाएगा। सुशासन तिहार के अंतर्गत लगने वाले स्टॉल में प्रदेश सरकार की विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में भी जानकारी दी जा रही है। इससे लोगों तक एक-एक योजनाओं की जानकारी पहुंच रही है।

### राज्य में हो रहे अभूतपूर्व विकास कार्य

विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार अनेक विकास कार्य कर रही है। केंद्र एवं राज्य में डबल इंजन की सरकार अनेक लोक कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है, जिसका लाभ आमजन तक पहुंच रहा है। राज्य में सुशासन के संकल्प को पूरा करने के लक्ष्य के साथ काम शुरू किया गया है। राज्य के हर वर्ग गरीब, किसान, मजदूर, युवा और महिलाओं के विकास के लिए बड़े कदम उठाए गए हैं।

### शासन और नागरिकों के बीच पारदर्शी संवाद

इस अभियान को लेकर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य शासन और नागरिकों के बीच पारदर्शी संवाद स्थापित करना है। प्राप्त आवेदनों का निपटारा निर्धारित समय-सीमा में किया जाएगा। हमारी सरकार जनता की सरकार है, इसलिए जनता ही हमारी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने विभागों के अधिकारियों से कहा कि शिविर में आने वाले प्रत्येक व्यक्तियों को सरकार की योजनाओं की जानकारी देना है। जनता की ओर से किसी भी प्रकार की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। जनता सर्वोपरि है उनके समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द करने के प्रयास करना है।

## समोदा बैराज तट बचाव कार्य के लिए 4.95 करोड़ स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

महासमुंद विधानसभा अंतर्गत स्थित समोदा बैराज में



तट बचाव कार्य के लिए 4.95 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके लिए महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप और वित्तमंत्री ओपी चौधरी का आभार जताया है। विधायक सिन्हा ने बताया कि जल संसाधन विभाग द्वारा महासमुंद में महानदी स्थित समोदा बैराज के अपस्ट्रीम में दाँयी तट में निर्मित महामाया मंदिर एवं तट के बचाव कार्य हेतु 4 करोड़ 95 लाख 47 हजार रुपये स्वीकृत की गई है। इस सिंचाई योजना के तहत समोदा बैराज के अपस्ट्रीम में दाँयी तट में कटाव रोकने हेतु तटबंध का निर्माण किया जायेगा। योजना के निर्माण कार्यों को कराने मुख्य अभियंता महानदी योजना, जल संसाधन विभाग रायपुर को प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। इस कार्य से बैराज में होने वाले कटाव की समस्या दूर होगी। समोदा बैराज महासमुंद के साथ नदी के दूसरे तरफ स्थित रायपुर जिले के कई गांवों के लिए काफी लाभदायक है। सिरपुर क्षेत्र के कई गांव के लिए समोदा बैराज से जलापूर्ति की योजना पर कार्य चल रहा है। इससे क्षेत्र के किसानों को भी फायदा मिलेगा। वहीं कुछ समय पहले ही महानदी पर बनने वाले मोहमेला-सिरपुर बैराज परियोजना पर राज्य परियोजना मंडल की मंजूरी मिली है। इस परियोजना से रायपुर के आरंग क्षेत्र से होकर सिरपुर तक भू-जल संवर्धन, पेयजल और किसानों को निस्तारी के साथ लिफ्ट ईरीगेशन की सुविधा भी मिल पाएगी। इससे महासमुंद के सिरपुर क्षेत्र के गांव भी लाभान्वित होंगे।

# सही दवा शुद्ध आहार अभियान के तहत जिले में कार्रवाई जारी, 30 चालान काटे गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ शासन के अभियान सही दवा शुद्ध आहार यही छत्तीसगढ़ का आधार थीम के प्रभावी एवं परिणामोन्मुख क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देश पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग, राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जिले में खाद्य प्रकोष्ठ एवं औषधि प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। डॉ. आई. नागेश्वर राव, उपसंचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन के मार्गदर्शन में विभिन्न क्षेत्रों में जन जागरूकता एवं प्रवर्तन कार्रवाई लगातार संचालित की जा रही है।

औषधि प्रकोष्ठ के अंतर्गत गठित संयुक्त दल की नोडल अधिकारी तृप्ति जैन सहायक औषधि नियंत्रक के नेतृत्व में निर्धारित कार्ययोजना के तृतीय चरण के तहत विगत दो दिवस 06 एवं 07 मई 2026 को बागबाहरा विकासखंड एवं महासमुंद ग्रामीण क्षेत्र में कोटपा एक्ट 2003 (सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम) के तहत विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान औषधि निरीक्षक श्री अवधेश भारद्वाज एवं श्री अखिलेश पाण्डेय द्वारा शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज दायरे में स्थित दुकानों एवं सार्वजनिक स्थलों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान प्रतिबंध, नाबालिगों को तंबाकू उत्पाद की बिक्री पर रोक तथा शैक्षणिक संस्थानों के आसपास तंबाकू उत्पादों की बिक्री प्रतिबंधित करने संबंधी प्रावधानों के उल्लंघन पर 30 चालान काटे गए। संयुक्त दल द्वारा दुकानदारों एवं संचालकों को धूम्रपान



निषेध एवं नाबालिगों को तंबाकू उत्पाद नहीं बेचने संबंधी सूचना बोर्ड अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही सार्वजनिक स्थलों पर माचिस, लाइटर, ऐश ट्रे जैसी धूम्रपान को बढ़ावा देने वाली वस्तुएं उपलब्ध नहीं कराने की समझाइश भी दी गई। शिक्षण संस्थानों के 100 गज के दायरे में तंबाकू उत्पादों की बिक्री पूर्णतः प्रतिबंधित रखने तथा नाबालिगों को किसी भी परिस्थिति में तंबाकू उत्पाद नहीं बेचने के सख्त निर्देश दिए गए। आम नागरिकों को भी सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान नहीं करने के प्रति जागरूक किया गया।

इसी क्रम में 08 मई 2026 को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय महासमुंद के सभागार में एंटी माइक्रोबियल रेजिस्टेंस, ड्रग एब्यूज एवं नशा मुक्ति विषय पर जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में औषधि निरीक्षक अवधेश भारद्वाज, अखिलेश पाण्डेय तथा स्वास्थ्य विभाग के डॉ. छत्रपाल चन्द्रकार, नोडल एनटीसीपी एवं नर्सिंग होम एक्ट शाखा द्वारा केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों एवं आमजन को जागरूक किया गया। कार्यशाला में विशेषज्ञों ने एंटीबायोटिक दवाओं के दुरुपयोग के दुष्परिणामों पर प्रकाश डालते हुए बिना चिकित्सकीय सलाह दवाओं का सेवन नहीं करने, स्वयं दवाओं में बदलाव नहीं करने तथा एंटीबायोटिक कोर्स अधूरा नहीं छोड़ने की समझाइश दी। कार्यक्रम में जिला केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। कार्यशाला के सफल आयोजन में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं जिला केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन का विशेष सहयोग रहा।

### सिंहदेव का हुआ नगर आगमन, ज़मीनी कार्यकर्ता के जन्मदिन पर काटे केक, खिलाया व स्वयं भी खाए



**सरायपाली।** कांग्रेसी कार्यकर्ता के जन्मदिन में शामिल होने छत्तीसगढ़ के प्रथम पूर्व उपमुख्यमंत्री व पार्टी के वरिष्ठ नेता टी एस सिंहदेव का नगर आगमन हुआ। अग्रसेन चौक में राहुल बग्गा एवं उनके साथियों ने आत्मीय स्वागत किया। जमीनी कार्यकर्ता के करीबी राहुल के जन्मदिन का केक काटा गया।

### तुमगांव के शीतला मंदिर में गुंबद कार्य होगा प्रारंभ, 41 फिट ऊंचे निर्माण में जुटे कारीगर



**महासमुंद।** धर्म नगरीय नगर पंचायत तुमगांव की आराध्य देवी नगर कुलदेवी मनोकामना पूर्ण देवी राजराजेश्वर मां शीतला रानी का मंदिर विशाल मंदिर निर्माण कार्य और तीव्र गति से कराया जा रहा है। यह मंदिर नगर पंचायत तुमगांव का सबसे विशाल मंदिर होगा, जिसका निर्माण समस्त नगरवासियों क्षेत्र वासियों के सहयोग से भक्तजनों द्वारा सहयोग कर यह 41 फिट ऊंचे भव्य मंदिर का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिसके शिखर गुंबद निर्माण के लिए विशेष ओडिशा के प्रसिद्ध कलाकारों कारीगर को बुलाया गया है। जो विशेष प्रकार से प्राचीन मंदिरो के स्वरूप में मां शीतला का भव्य मंदिर का निर्माण करेंगे।

# जनगणना 2026 में ओबीसी वर्ग की उपेक्षा दुर्भाग्यपूर्ण : अमरजीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- भाजपा सरकार की सामंतवादी सोच उजागर : अमरजीत

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रभारी महामंत्री (संगठन) एवं महासमुंद कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष अमरजीत चावला ने आगामी जनगणना 2026 के प्रारूप को लेकर केंद्र की भाजपा सरकार पर कड़ा प्रहार किया है। उन्होंने जनगणना में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की पृथक गणना न किए जाने को देश की बहुसंख्यक आबादी के साथ एक सोची-समझी साजिश और विश्वासघात करार दिया है। चावला ने तकनीकी पहलुओं पर सवाल उठाते हुए कहा, सरकार द्वारा जनगणना के लिए तैयार किए गए 33 प्रश्नों की सूची में



अनुसूचित जाति, जनजाति और सामान्य वर्ग का तो उल्लेख है, लेकिन देश की सबसे बड़ी आबादी वाले ओबीसी वर्ग को पूरी तरह गायब कर दिया गया है। यह उपेक्षा दुर्घटनावश नहीं, बल्कि जानबूझकर की गई है ताकि पिछड़ों की वास्तविक स्थिति को दुनिया से छुपाया जा सके। भाजपा पर दोहरे चरित्र का आरोप लगाते हुए चावला ने कहा कि प्रधानमंत्री स्वयं को पिछड़ा वर्ग का बताकर वर्षों से राजनीतिक लाभ लेते रहे हैं, लेकिन जब इस समाज को अधिकार और वास्तविक भागीदारी देने का समय आया, तो उनकी सरकार ने पीठ फेर ली। उन्होंने इसकी तुलना महिला आरक्षण बिल से करते हुए कहा कि भाजपा ने जैसे वहां आधी आबादी को छला, वैसे ही अब ओबीसी समाज के साथ अपनी दुर्भावना और सामंतवादी मानसिकता का परिचय दे रही है।

### राहुल के भागीदारी न्याय का समर्थ

चावला ने कांग्रेस की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि राहुल गांधी ने हमेशा 'जितनी आबादी, उतना हक' का नारा बुलंद किया है। कांग्रेस शुरू से ही जातिगत जनगणना की पक्षधर रही है ताकि समाज के हर वर्ग को उनकी जनसंख्या के अनुपात में न्याय मिल सके। चावला ने केंद्र सरकार से मांग की है कि जनगणना 2026 के प्रारूप में तत्काल सुधार कर ओबीसी वर्ग के लिए अलग कॉलम जोड़ा जाए।

## राज्य के 292 हजयात्री मदीना शरीफ के लिए रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हज-2026 के लिए नागपुर के अंतर्राष्ट्रीय विमानतल से अकाशा एयरलाइंस की फ्लाइट से अब तक राज्य के 292 हज यात्री नागपुर से मदीना शरीफ के लिए रवाना हो चुके हैं। हाजियों की रवानगी के अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी द्वारा हज हाउस नागपुर में हाजियों की रिपोर्टिंग कराई गई एवं हज यात्रा के दस्तावेजों का वितरण हज कमेटी के चेयरमैन मिर्जा एजाज बेग द्वारा किया गया। साथ ही हज हाउस में लगेज चेकइन कराया गया तथा छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी के चेयरमैन मिर्जा एजाज बेग एवं सदस्य मौलाना हसन अब्बास, मौलाना महताब ने विशेष बसों को हरी झंडी दिखाकर एयरपोर्ट के लिए रवाना किया गया।

# समाधान शिविर में विभिन्न समस्याओं का हुआ त्वरित समाधान

## 4 भाइयों को मिला किसान पुस्तिका एवं कोमल को मिला ड्राइविंग लाइसेंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सुशासन तिहार के अंतर्गत ग्राम लोहारडीह में आयोजित समाधान शिविर में लोगों की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया गया। इसी क्रम में ग्राम बिरकोनी के 24 वर्षीय कोमल साहू को शिविर में आवेदन करने के महज एक घंटे के भीतर लर्निंग लाइसेंस प्रदान किया गया। कोमल साहू ने बताया कि उन्होंने हाल ही में नई गाड़ी खरीदी है, जिसके लिए उन्हें ड्राइविंग लाइसेंस की आवश्यकता थी। समाधान शिविर में पहुंचकर उन्होंने आवेदन किया और आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के



बाद उन्हें शीघ्र ही लर्निंग लाइसेंस मिल गया। उन्होंने कहा कि शिविर में बिना किसी परेशानी के त्वरित सेवा मिलने से उन्हें काफी सुविधा हुई। कोमल साहू ने शासन-प्रशासन द्वारा लगाए गए समाधान शिविर की सराहना करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। इसी तरह ग्राम सोरिद के चार भाइयों विनोद चंद्राकर, राजेंद्र चंद्राकर, ललित चंद्राकर और डोमेंद्र चंद्राकर को समाधान शिविर में अलग-अलग किसान पुस्तिका प्रदान की गई। विनोद चंद्राकर ने बताया कि चारों भाइयों के बीच हाल ही में भूमि का बंटवारा हुआ है, जिसके बाद अलग-अलग किसान पुस्तिका की आवश्यकता थी। समीपस्थ ग्राम लोहारडीह में आयोजित समाधान शिविर में उन्होंने आवेदन प्रस्तुत किया, जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए उन्हें तत्काल किसान पुस्तिका उपलब्ध करा दी गई।

किसानों ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि समाधान शिविर वास्तव में लोगों की समस्याओं का समाधान कर रहा है। खरीफ फसल की तैयारी के लिए किसान पुस्तिका की आवश्यकता थी और सही समय पर इसका मिलना उनके लिए किसी पुरस्कार से कम नहीं है। उन्होंने शिविर के सफल आयोजन और त्वरित समाधान के लिए शासन-प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

# काम की धीमी गति से लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- नाली निर्माण में भारी लापरवाही नगर पालिका प्रशासन बेसुध

राष्ट्रीय तेली कर्मा सेना के संस्थापक व भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशवंत तुषार साहू ने कहा कि महासमुंद शहर के महामाया मंदिर से गांधी चौक तक नाली निर्माण में भारी लापरवाही सामने आई है, जिससे स्थानीय निवासी और राहगीर बेहद परेशान हैं। निर्माण के दौरान पानी की मुख्य पाइप लाइन टूटने का डर बना हुआ है। काम धीमी गति से चलने के कारण आम नागरिकों का आवागमन बाधित हो रहा है। नाली निर्माण में पतला छड़ का इस्तेमाल किया जा रहा है।



सड़क के 1 फीट ऊपर नाली स्लैब बनाना सड़क के लिए बेहद हानिकारक है। यह न केवल पानी के बहाव को रोकता है, जिससे सड़क में जलभराव होता है, बल्कि सड़क की उम्र को भी काफी कम कर देता है। यह गलत निर्माण सड़क पर गंभीर हादसे, गड्ढे, दरारें और समय से पहले सड़क के खराब होने का कारण बनता है। ऊँची नाली होने से सड़क का पानी नाली में नहीं जा पाता। पानी सड़क पर जमा होकर डामर को कमजोर कर देता है। सड़क का पानी निकास न मिलने के कारण आस-पास के घरों और दुकानों में घुस जाता है, जिससे संपत्ति का नुकसान होता है प्रशासनिक संज्ञान मे ले और मामले की गंभीरता को देखते हुए ठेकेदार पर नोटिस जारी करने की मांग की है।




हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, शनिवार 9 मई 2026


तापमान

अधिकतम 37.2 डिग्री

न्यूनतम 24.6 डिग्री


जिले में 2 लाख 12 हजार से अधिक मकानों का सर्वे पूर्ण 10





सुशासन तिहार में समस्याओं के होंगे जल्द समाधान 10






## खबर संक्षेप

### महाराणा प्रताप जयंती आज

**महासमुंद।** राजपूत क्षत्रिय समाज द्वारा आज वीर शिरोमणि क्षत्रिय कुलभूषण महाराणा प्रताप की जयंती मनाई जाएगी। समाज द्वारा स्वाधीनता आंदोलन के महानायक वीर शिरोमणि क्षत्रिय कुलभूषण महाराणा प्रताप की 486 वी जयंती संध्या 05 बजे राजपूत क्षत्रिय भवन में मनाई जाएगी। इस अवसर पर वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। पश्चात महाराणा प्रताप के जीवन पर गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा तथा बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। उक्त जानकारी राजपूत क्षत्रिय समाज महासमुंद के अध्यक्ष उदयपाल सिंह भदोरिया व संरक्षक भरत सिंह ठाकुर ने देते हुए उक्त कार्यक्रम में सामाजिक सदस्यों से अधिक अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

### सतनामी समाज जिला पदाधिकारियों का चुनाव कल

महासमुंद। प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज महासमुंद जिला कार्यकारिणी की कार्यकाल समापन पश्चात निर्वाचन हेतु प्रदेश कार्यालय द्वारा जारी अधिसूचना के संबंध में 28 अप्रैल 2026 को जिला स्तरीय बैठक रखा गया। जिसमें उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा 10 मई 2026 रविवार को ही निर्वाचन या मनोनयन साहू सदन बीटीआई रोड़ महासमुंद में कराने का निर्णय पारित किया गया है। तथा प्रदेश कार्यालय से जारी अधिसूचना के अनुसार जिला कार्यकारिणी के अध्यक्ष व सचिव पद के लिए पदों आजीवन सदस्य होना अनिवार्य है तथा शेष पदों के उम्मीदवार के लिए आजीवन सदस्य या आगामी 3 वर्ष के साधारण सदस्य भी भाग लें सकते हैं। निर्वाचन या मनोनयन का समय सुबह नौ बजे से 12 बजे तक नामांकन क्रय करना व 12:30 तक जमा तथा 12:30 से 1 बजे तक नामांकन पत्र की स्क्रुटनी कर नाम प्रकाशित किया जाएगा।

# 10 से अधिक चोरियों को अंजाम देने वाला शातिर चोर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

निर्माणाधीन मकानों के मालिकों को सस्ते दामों में सीमेंट और छड़(सरिया) दिलाने का झांसा देकर बच्चों और बुजुर्गों को निशाना बनाकर चोरी को अंजाम देने वाले शातिर चोर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पंचराम उर्फ पंचू निषाद के पास से पुलिस ने 163 ग्राम सोने के आभूषण और लगभग ढाई किलो चांदी के जेवरात बरामद किए हैं, जिनकी कुल कीमत 32,38,900 रुपये आंकी गई है।

मिली जानकारी के अनुसार पुलिस पूछताछ में आरोपी ने चोरी करने के अपने विशेष तरीके का खुलासा किया।

आरोपी केवल उन घरों को निशाना बनाता जहां ईंट, गिट्टी या निर्माण सामग्री रखी होती थी। वह मकान मालिकों को कम कीमत पर सीमेंट और छड़ (सरिया) दिलाने का लालच देकर घर में दाखिल होता और घरों में चोरी करता। बुजुर्ग या छोटे बच्चे चोर के सॉफ्ट टारगेट होते। जिले में लगातार एक ही पैटर्न पर हो रही चोरियों को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने एक विशेष टीम गठित करते हुए तकनीकी विश्लेषण और सीसीटीवी फुटेज की मदद ली। वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने आरोपी को रोका और उसके पास से मिले जेवरात के बारे में पूछताछ की, जिससे पूरे मामले का खुलासा हुआ।

## 163 ग्राम सोने के आभूषण और लगभग ढाई किलो चांदी के जेवरात जब्त

### पंजाब में छिपा था आरोपी

पुलिस ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी पंचराम बेहद शातिर अपराधी है। इससे पहले भी उसके खिलाफ दुर्ग, धमतरी और जांजगीर-चाम्पा जैसे जिलों में चोरी के 13 मामले दर्ज हैं। जांजगीर-चाम्पा की जेल में रहने के दौरान वह इलाज के बहाने अस्पताल से फरार हो गया था और पंजाब जाकर छिप गया था। पंजाब से वापस आने के बाद उसने जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में चोरी की वारदातों को अंजाम देना शुरू कर दिया था।



### बरामद की गई संपत्ति

पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर पिथौरा और भंवरपुर के ज्वेलरी संचालकों से चोरी के आभूषण बरामद किए हैं। बरामद सामान में सोने के आभूषण 163.310 ग्राम कीमत 25,52,200 रुपए, चांदी के आभूषण 2 किलो 585 ग्राम कीमत 6,41,700 रुपए एवं एक मोटर साइकिल और एक मोबाइल फोन शामिल हैं। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और कुछ अन्य ज्वेलरी संचालकों से भी चोरी की संपत्ति बरामद करने की प्रक्रिया जारी है।

## रोष: लगाया मनमानी और उपेक्षा का आरोप, आंदोलन की चेतावनी

# भाजपाई पार्षदों ने निर्दलीय नपं अध्यक्ष के खिलाफ खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

जिला मुख्यालय के समीपस्थ नगर पंचायत में विकास कार्यों को लेकर जनप्रतिनिधियों

- सीएमओ और इंजीनियर पर मनमानी का लगाया आरोप

की आपसी खींचतान के चलते यहां विकास कार्य ठप पड़े हुए हैं। भाजपाई निकाय प्रतिनिधियों ने नगरीय निकाय प्रशासन के संयुक्त संचालक को पत्र लिखकर सीएमओ और इंजीनियर की मनमानी का आरोप लगाते हुए बिना परिषद की स्वीकृति के अधोसंरचना मद से डेढ़ करोड़ के प्रस्ताव शासन को भेजा गया और टेंडर निकाल दिया। भाजपाई प्रतिनिधियों ने इसे अवैधानिक प्रक्रिया करार दिया है। वहीं नगर पंचायत तुमगांव के अध्यक्ष बलरामकांत साहू का दावा है कि पूरी प्रक्रिया वैध है और पीआईसी में प्रस्ताव पारित होने के बाद ही टेंडर बुलाया गया।





### जनता द्वारा चुने गए निर्दलीय अध्यक्ष को बर्दाश्त नही कर पा रहे भाजपाई

मामले में की गई शिकायत के संदर्भ में नगर पंचायत तुमगांव के निर्वाचित अध्यक्ष बलरामकांत साहू



ने कहा है कि स्थानीय जनता द्वारा नकारे जाने के कारण भाजपाई इसे पचा नही पा रहे। भाजपा समर्थित लोग जानबूझकर निराधार शिकायतें कर विकास कार्यों में बाधा डालते हुए नगर वासियों को मिलने वाली सुविधाओं में बाधा डालने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होनें कहा कि तुमगांव की जनता ने किसी पार्टी विशेष के लिए बल्कि पूरे नगर पंचातय क्षेत्र के विकास के लिए चुना है। अध्यक्ष होने के नाते मेरी प्राथमिकता केवल और केवल नगर का विकास, मूलभूत सुविधाओं का विस्तार और आम जनता के हित में कार्य करना है। उन्होनें किसी भी प्रकार का भेदभाव किए जाने की बात से इंकार किया। साहू ने कहा कि कुछ स्थानीय राजनीतिक दुर्भावना के चलते विकास कार्यों में बाधा और झूठी शिकायत करते हुए आम जनता को मिलने वाली सुविधाओं से वंचित करना चाहते हैं।

भाजपाई पार्षदों का आरोप है कि अध्यक्ष सीएमओ और इंजीनियर द्वारा मिलीभगत करते हुए, एकमात्र निर्दलीय पार्षद और कांग्रेसी पार्षद के वार्डों में कार्य के प्रस्ताव भेजे गए और भाजपा के 07 पार्षदों के वार्ड में जानबूझकर अनदेखी की जा रही है जिसके कारण आक्रोशित भाजपाई पार्षदों ने इसकी शिकायत सहायक संचालक से की है। भाजपाई पार्षदों ने बताया कि वार्ड क्र. 01 में निजी जमीन में अवैध प्लांट जिसमें शासन द्वारा रोक लगा हुआ है। जिसे 30 लाख का प्रस्ताव बनाकर शासन को गलत ढंग से जानकारी देकर कार्य स्वीकृत कराकर टेंडर निकाले जाने का आरोप लगाया है।

पार्षदों ने मांग की है कि तत्काल जांच करवाकर टेंडर को निरस्त करवाने की मांग करते हुए कहा कि सभी पार्षदों ने विरोध एवं धरना प्रदर्शन कर बहिष्कार करने की चेतावनी दी है। मांग करने वाले भाजपाई पार्षदों में सावित्री निर्मलकर, भुनेश्वर साहू, फत्तेलाल निर्मलकर, भारती टंडन, धनेश्वरी साहू, दुकालू ध्रुव, राकेश धीवर शामिल हैं।

# नगर में गौ एम्बुलेंस सेवा का शुभारंभ आज



हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

नगर में गौ सेवा एवं पशु संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए गौ एम्बुलेंस सेवा का शुभारंभ किया गया। यह सेवा माहेश्वरी एनिमल वेलफेयर फाउंडेशन, नागपुर एवं आर्य गोशाला, कोसरंगी के सौजन्य से प्रारंभ हुई। शुक्रवार को जनजागरण एवं सेवा यात्रा का शुभारंभ हुआ।

इस सेवा का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में घायल, बीमार एवं असहाय गौ माता को समय पर उपचार एवं सहायता उपलब्ध कराना है, ताकि कोई भी गौ माता सड़क या सड़क किनारे घायल अवस्था में तड़पती न रहे। संस्था द्वारा नगर के सभी धर्मप्रेमी एवं गौभक्त सज्जनों से विनम्र निवेदन किया गया है कि वे इस सेवा अभियान को जन-जन तक पहुँचाने में सहयोग प्रदान करें। अजय माहेश्वरी नागपुर ने कहा कि गौ सेवा मानवता की सबसे बड़ी सेवा है और समाज के सहयोग से ही यह अभियान सफल होगा। यह पूरा सेवा अभियान आप सभी के पुण्य सहयोग से संचालित होगा। इसमें किसी सरकार या निजी तंत्र का कोई सहयोग नहीं है। गौ माता की सेवा हम सभी को मिलकर छोटे-बड़े सहयोग से आगे बढ़ानी है। एम्बुलेंस संचालन, डीजल, उपचार एवं औषधि का संपूर्ण खर्च नगरवासियों एवं गौभक्तों के सहयोग से ही संभव होगा। कार्यक्रम में नगरवासियों से गौ संरक्षण एवं सेवा का संकल्प भी दिलाया जाएगा।

# 90 सुरक्षा कर्मियों को मार्च का वेतन नहीं मिला, परिवार दाने-दाने को मोहताज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

जिले के आबकारी विभाग के अंतर्गत संचालित शराब दुकानों में तैनात सुरक्षा कर्मियों के सामने जीवन-यापन का बड़ा संकट खड़ा हो गया है। जिले की लगभग 42 शराब दुकानों में सुरक्षा की जिम्मेदारी संभाल रहे 90 सुरक्षा कर्मियों को पिछले मार्च महीने का वेतन नहीं मिल पाया है। वेतन न मिलने के कारण इन कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय हो गई है। इन सुरक्षा कर्मियों की नियुक्ति एलाइट कॉन्कस नामक प्लेसमेंट कंपनी के माध्यम से की गई थी। जानकारी के अनुसार, इस कंपनी का टेंडर अब समाप्त हो चुका है। टेंडर खत्म होने और नई व्यवस्था के बीच तालमेल की कमी का खामियाजा सीधे तौर पर उन गरीब कर्मचारियों को भुगतना पड़ रहा है, जो दिन-रात शराब दुकानों की सुरक्षा में तैनात रहते हैं। कंपनी की ओर से बकाया वेतन का भुगतान न किए जाने के कारण कर्मचारियों में भारी निराशा है।

### घर चलाना हुआ मुश्किल

वेतन न मिलने का असर अब सुरक्षा कर्मियों के चूल्हे पर पड़ने लगा है। प्रभावित कर्मचारियों ने बताया कि मार्च, अप्रैल और अब मई का आधा महीना बीत जाने के बाद भी उनके बैंक खातों में राशि नहीं पहुंची है। राशन दुकानों और स्थानीय किराना स्टोर्स से अब उन्हें उधार मिलना बंद हो गया है। नया शैक्षणिक सत्र शुरू होने वाला है, ऐसे में बच्चों की स्कूल फीस और कॉपियों के लिए पैसों का इंतजाम करना नामुमकिन हो रहा है। परिवार में बुजुर्गों के इलाज और आकस्मिक चिकित्सा जरूरतों के लिए इन कर्मचारियों के पास कोई जमा पूंजी नहीं बची है।

### सुरक्षा कर्मियों की मांग

सुरक्षा कर्मियों का कहना है कि उन्होंने पूरी ईमानदारी के साथ अपनी ड्यूटी की है, लेकिन जब वेतन देने की बारी आई तो बड़े अधिकारी बस आज कल में वेतन मिलने वाला है की बात कहकर पल्ला झाड़ा जा रहा है। कर्मचारियों ने मांग की है कि उनके पिछले मार्च महीनों के रुके हुए वेतन का जल्द से जल्द भुगतान किया जाए ताकि वे अपने परिवार का भरण-पोषण कर सकें। फिलहाल, 90 परिवारों के सामने अंधेरा छाया हुआ है। यदि जल्द ही वेतन जारी नहीं किया गया, तो इन कर्मियों के सामने भूखों मरने की नौबत आ सकती है।

# नई नालियों पर पक्के स्लैब बनने से सफाई व्यवस्था ठप, जलभराव का बढ़ा खतरा, लोग हो रहे हलाकान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

शहर में जल निकासी की व्यवस्था को सुधारने के लिए बनाई गई नई नालियां अब स्थानीय निवासियों के लिए सिरदर्द बनती जा रही हैं। नालियों के निर्माण के साथ ही उनके ऊपर पक्के स्लैब बना दिए गए हैं, जिसके कारण सफाई कार्य पूरी तरह से प्रभावित हो रहा है। नगर में कई स्थानों पर नई नालियों का निर्माण किया गया था। उम्मीद थी कि इससे बरसात के मौसम में पानी की निकासी सुगम होगी। नालियों के ऊपर पक्के स्लैब का निर्माण किया गया है। पक्के स्लैब होने के कारण



नालियों के भीतर जमा होने वाले कचरे को निकालना सफाई कर्मियों के लिए असंभव हो गया है। स्थिति यह है कि मानसून की शुरुआत से पहले ही नालियां कचरे से पट गई हैं और कई वार्डों में गंदा पानी सड़कों पर ओवरफ्लो होने लगा है।

### डस्टबीन की चोरी ने बढ़ाई मुसीबत

शहर के विभिन्न चौक-चौराहों और सार्वजनिक स्थानों पर नगर पालिका द्वारा डस्टबीन लगाए गए थे ताकि लोग कचरा इधर-उधर न फेंकें। लेकिन असामाजिक तत्वों द्वारा इन डस्टबीन की चोरी कर ली गई है। कूड़ेदान न होने के कारण सड़कों पर कचरा बढ़ रहा है, जो अंततः बहकर नालियों में ही समा जाता है।

### नालियों में फेंका जा रहा प्लास्टिक कचरा

नगर पालिका द्वारा घर-घर कचरा संग्रहण की सुविधा दी जा रही है, इसके बावजूद लोग कचरा नालियों में फेंक रहे हैं। नालियों में सबसे अधिक मात्रा में प्लास्टिक की थैलियां, डिस्पोजल गिलास, प्लेटें और शराब की बोतलें मिल रही हैं। शराबियों द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर नशा करने के बाद कचरा सीधे नालियों में डाल दिया जाता है। चूंकि ऊपर से स्लैब बंद हैं, इसलिए यह कचरा अंदर ही फंसकर पानी के बहाव को रोक रहा है।

### सफाई कर्मी परेशान, प्रशासन मौन

बार-बार सफाई करने के बाद भी नालियों की स्थिति जस की तस बनी हुई है। सफाई मित्रों का कहना है कि स्लैब के कारण वे नालियों के भीतर तक नहीं पहुंच पाते। पक्के निर्माण को तोड़े बिना पूरी तरह सफाई करना संभव नहीं है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही इन अवरुद्ध नालियों को साफ नहीं किया गया, तो तेज बारिश के दौरान शहर के निचले इलाकों में घरों के भीतर गंदा पानी घुस सकता है।

## लोहारडीह में समाधान शिविर का हुआ आयोजन

# समाधान शिविर शासन और जनता के बीच सीधा संवाद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

प्रदेशव्यापी सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत महासमुंद जिले के ग्राम पंचायत लोहारडीह में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विधायक महासमुंद योगेश्वर राजू सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, जिला स्काउट एवं गाइड संघ के अध्यक्ष ऐतराम साहू, जनपद अध्यक्ष दिशा दीवान, उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर, जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर रवि साहू मौजूद थे।

इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए किए गए कई महत्वपूर्ण कार्य अब धरातल पर दिखाई देने लगे हैं। बजट में की गई घोषणाओं को शामिल कर तेजी से क्रियान्वित किया जा रहा है। सिकसेर-कोडार परियोजना भी अब फलीभूत हो रही है, जिससे क्षेत्र के किसानों एवं ग्रामीणों को आने वाले



समय में बड़ा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार विकास और जनकल्याण के कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ा रही है तथा आमजन के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। जिला स्काउट एवं गाइड संघ के अध्यक्ष येतराम साहू ने कहा कि समाधान शिविर आमजन और प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने का प्रभावी मंच है।

साहू ने कहा कि सरकार की मंशा है कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे और कोई भी पात्र व्यक्ति शासन की सुविधाओं से वंचित न रहे। छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर ने कहा कि सुशासन तिहार शासन की जनहितकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम बन रहा है। इस अवसर पर जनपद सदस्य विजय लक्ष्मी जांगड़े, अंजली खैरवार, सुधा चंद्राकर, राहुल चंद्राकर, प्रशांत श्रीवास्तव, आनंद साहू, रमेश साहू, अरविन्द प्रहरे, राजू चंद्राकर, डिगेश्वरी चंद्राकर, एसडीएम अक्षा गुप्ता, तहसीलदार जुगल किशोर पटेल,जनपद सीईओ बीएस मंडावी, सरपंचगण, अधिकारी-कर्मचारी एवं 16 ग्राम के नागरिकगण बड़ी संख्या में मौजूद थे।

## मुलाकात



**महासमुंद।** भारत स्काउट एवं गाईड्स छग के राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह खालसा ने स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव डॉ.कमलप्रीत सिंह से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान उन्होनें भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ की गतिविधियों, भावी कार्ययोजनाओं के बारे में बताया और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु संचालित कार्यक्रमों के संबंध में विस्तृत एवं सकारात्मक चर्चा की।

**खबर संक्षेप**



### बरसात लगने से पहले कच्चे घरों की मरम्मत कार्य में जुटे ग्रामीण

**नर्रा।** इन दिनों क्षेत्र में चिलचिलाती धूप भीषण गर्मी के बीच बेमौसम तेज आंधी के साथ दो दिन हुई बारिश अब ग्रामीण क्षेत्रों में अपने आशियाने को सुरक्षित करने की कवायद शुरू हो गया है। गर्मी के तीखे तेवरों के बीच अब ग्रामीण क्षेत्रों में मानसून की तैयारियां शुरू हो गई हैं। बारिश का मौसम दस्तक देने के पहले पहले ग्रामीण अपने कच्चे मकानों और खपरैल वाले घरो की तस्वीर में साफ देखा जा सकता है कि कैसे एक बुजुर्ग ग्रामीण अपने घर की छत पर चढ़कर टूटे हुए खपरैल बदल रहे हैं। ताकि, बारिश का पानी घर के भीतर न टपके। ग्रामीण क्षेत्रों में बारिश से होने वाले नुकसान से बचने के लिए मरम्मत जारी ग्रामीणों का कहना है कि साल मे दो से तीन बार मरम्मत करना पड़ता है। चूंकि, आए दिन बंदरो के उत्पात के कारण ग्रामीण परेशान बंदरों के लिए जंगलों मे कुछ भी नही खाने लिए। इससे ज्यादा तर गावों में डेरा जमाया हुआ है।

### 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान स्वीकृत

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर मृतक के निकटतम वारिसान के लिए चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। इनमें आग में जलने से मृत्यु होने पर महासमुंद विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम जलकी की मृतिका पुराईन बाई के पुत्र तुलस दास के लिए चार लाख रुपए आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 37 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांकरा



मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजना के अंतर्गत सांकरा में आयोजित समारोह में कुल 37 जोड़ों का विवाह वैदिक रीति-रिवाज और मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक डॉ. संपत अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और आशीर्वाद प्रदान किया। सांकरा स्थित हाईस्कूल प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में 37 जोड़ों का विवाह हुआ। विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने कन्यादान किया और एक-एक जोड़े के पास पहुंचकर उनसे मुलाकात की। जोड़ों को शासन द्वारा निर्धारित उपहार भेंट प्रदान करते हुए कहा कि एक पिता के लिए कन्यादान से बड़ा कोई दान नहीं होता।

विधायक डॉ संपत अग्रवाल ने आगे कहा कि हमारी सरकार का मुख्य ध्येय हर गरीब और जरूरतमंद व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान लाना है। शासन की इस योजना से आज हमारी बेटियों का घर बस रहा है, जो अत्यंत हर्ष का विषय है। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष पिथौरा उषा धृतलहरे, विधायक प्रतिनिधि बसना कैलाश अग्रवाल, जनपद पंचायत सदस्य पिथौरा कंवल जीत सिंह छाबड़ा, जनपद सदस्य पिथौरा पुरुषोत्तम धृतलहरे, विधायक प्रतिनिधि सोनू छाबड़ा,पिथौरा तहसीलदार प्रकृति सिंह, डीपीओ महासमुंद टिक्वेन्द्र जाटवार, परियोजना अधिकारी रतन टांवर, परियोजना अधिकारी अपर्णा वास्तव, प्राचार्य दीपक कुमार देवांगन, गौरव चंद्राकर आदि मौजूद रहे।



### 20 जोड़ों ने लिया फेरा

**बसना।** गढ़फुलझर स्थित रणेश्वर रामचंडी मंदिर परिसर में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह में बसना-सरायपाली क्षेत्र के 20 नवविवाहित जोड़ों का वैदिक रीति-रिवाजों के साथ विवाह संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा नेता एवं विधायक प्रतिनिधि रमेश अग्रवाल, जनपद उपाध्यक्ष मोहित पटेल, महिला एवं बाल विकास विभाग के सभापति प्रकाश सिन्हा, सरायपाली की सभापति उषा लव पटेल, बसना जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि मिलाप निराला तथा परियोजना अधिकारी राम सिंह मिरी उपस्थित रहे।

### बारिश से तेंदूपत्ता संग्रहण हो रहा प्रभावित

**नर्रा।** वन मंडल कोमाखान के अर्तगत वनांचल क्षेत्र के गांवों में इन दिनों तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य चल रहा है। ग्रामीण सुबह से ही जंगलों में जाकर कड़ी मेहनत से हरा सोना इकट्ठा कर इसे संग्रहण केन्द्र में ले जाकर विक्रय करते है। इसी बीच मौसम के बदले मिजाज और बेमौसम बारिश ने संग्रहणकर्ताओं की चिंता बढ़ा दी है। तस्वीरों में देखा जा सकता है कि खुले मैदानों में फड़ लगाकर रखे गए तेंदूपत्ते बारिश की वजह से भीग गए हैं। यदि पत्तों में नमी रह जाती है, तो उनके खराब होने और फफूंद लगने का खतरा है। जिससे संग्रहणकर्ताओं को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। प्रशासन और वन विभाग के लिए भी इन पत्तों को सुरक्षित रखना अब एक बड़ी चुनौती है। जिसे हरा सोना भी कहा जाता है ग्रामीणो की आजिविका की मुख्य साधन माना जाता है








# नर्रा क्षेत्र में अच्छी बारिश होने से किसानों ने शुरू की खेत की जुताई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा



भीषण गर्मी के बीच मौसम ने करवट ली। बारिश से क्षेत्र के अन्नदाताओं ने खेत की जुताई टैक्टर के माध्यम से खेतों की जुताई कर रहे है। मानसून के आगमन से पहले किसान ढेले फोड़ने और जमीन को उपजाऊ बनाने के लिए जुताई अब बैलों की जगह ज्यादा तर ट्रैक्टरों से की जाति है, जुताई जिससे कम समय में अधिक रकबे की जुताई संभव हो पाता है। इस वर्ष अच्छे मानसून की उम्मीद में किसान खाद और बीज की प्रकरण के साथ केसीसी ऋण के लिए किसान सोसायटी भी पहुंच रहे है। क्षेत्र के किसानों ने अकरस की जुताई करने जुट गए हैं। चिलचिलाती धूप की परवाह किए बिना किसान अपने ट्रैक्टरों से मिट्टी के भीतर मौजूद हानिकारक कीट और खरपतवार के बीज नष्ट हो जाते हैं। अकरस की जुताई से मिट्टी भुरभुरी हो जाती है। जिससे मानसून की पहली बारिश का पानी जमीन के अंदर तक आसानी से सोखता है। फसल के अवशेष मिट्टी में दबकर खाद का रूप ले लेते हैं, जिससे आने वाली फसल की पैदावार में वृद्धि आएगी।







